# आदर्श प्रश्न पत्र
कक्षा : तृतीय
विषय : हिन्दी

समय : 3 घण्टे | कुल अंक : 50

प्र01. सही विकल्प चुनेः— **10x1=10**

(क) चींटी हमें कौन सा राग सुनाती है? 1

(i)चलते रहने का (ii) आलस करने का राग

(iii)श्रम का राग (iv) सोते रहने का राग

(ख) बया चिड़िया अपना घर किससे बनाती है? 1

(i)तिनके (ii)मिट्टी (iii)टहनी (iv)घास—फूस

(ग) सौरभ के चाचा जी ने किस मौसम में आम भेजे? 1

(i)सर्दी के मौसम में (ii)बरसात/वर्षा के मौसम में

(iii) गरमी के मौसम में (iv) पतझड़ के मौसम में

(घ) गुवाहाटी का सबसे प्रसिद्ध मंदिर कौन सा है? 1

(i)नवग्रह मंदिर (ii)कामाख्या मंदिर (iii)चामुण्डा मंदिर (iv)गौरी मंदिर

(ड) ''थिमक्का'' को किस नाम से जाना जाता है? 1

(i)दादी अम्मा (ii)नानी अम्मा (iii)वृक्षमाता (iv) जगदम्बा

(च) चाँद पर जाने के लिए किस वाहन का प्रयो किया जाता है? 1

(i)बस (ii)रॉकेट (iii)रेलगाड़ी (iv)कार

(छ) देश की रक्षा करने वाले को क्या कहते हैं? 1

(i)किसान (ii) वैज्ञानिक (iii)सैनिक (iv)शिक्षक

(ज) किसान क्या काम करता है? 1

(i)बर्तन बनाता है। (ii)अनाज उगाता है

(iii) औज़ार बनाता है। (iv) बिजली का काम करता है।

(झ) आपके देश का क्या नाम है? 1

(i)नेपाल (ii)भारत (iii)पाकिस्तान (iv)जापान

(ञ) भारत सरकार ने ''थिमक्का'' को कौन सा सम्मान प्रदान किया? 1

(i)परमवीर चक्र (ii)पदमश्री (iii) शौर्य—चक्र (iv) भारत रत्न

Downloaded from www.cclchapter.com

प्र02. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– **5x1=5**

फूलदेई का त्योहार उत्तराखंड के अलग–अलग क्षेत्रों में आठ दिनों से लेकर महीने भर तक चलता है। बच्चों द्वारा एकत्रित किए गए चावल और गुड को मिलाकर बच्चों के लिए हलवा, छोई व पापड़ी जैसे व्यंजन बनाए जाते हैं। यह त्योहार बच्चों द्वारा मनाया जाता है, इसलिए इसे ''बाल पर्व'' भी कहते हैं। यह चैत्र मास की संक्रांति के दिन मनाया जाता है। फूलदेई बच्चों को प्रकृति प्रेम और सामाजिक सद्भाव की सीख देने का पर्व है। यह हमें प्रकृति तथा संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा भी देता है।

(क) उत्तराखंड में कौन सा त्योहार मनाया जाता है?

उत्तरः

(ख) इस त्योहार को ''बाल पर्व'' क्यों कहा जाता है?

उत्तरः

(ग) इस त्योहार में किस प्रकार के व्यंजन बनाए जाते है?

उत्तरः

(घ) इस त्योहार से हमे क्या प्रेरणा मिलती है?

उत्तरः

(ड) रिक्त स्थान भरो :–

यह त्योहार ............................ दिनों से लेकन ..................... तक चलता है।

प्र03. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो । **4 x 0.5 = 2**

है कई प्रदेश के, ...................

विविध रूप रंग हैं, ...................

......................, हम अनेक किंतु एक

......................., टोलियाँ हजार हैं।

प्र04. (i) निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइएः **4x0.5=2**

(क) कठिन :– ...................................................................

(ख) प्रयत्न :– ...................................................................

(ग) सहायता :– ...................................................................

(घ) प्यारा :– ...................................................................

**(ii)** दिए गए शब्दो को ''अनेक'' रूप में लिखो? **4x0.5=2**

(क) मछली ................ (ख) लड़की ................

(ग) चूड़ी ................ (घ) ककड़ी ................

Downloaded from www.cclchapter.com

**(iii)** निम्नलिखित वाक्यों में विशेषता बताने वाले शब्द लिखिए ? **4x0.5=2**

(मीठा, साहसी, अच्छा, हरी, लंबा)

(क) पीहू एक ............... लड़की है।

(ख) पेड़ की पत्तियाँ .............. हैं।

(ग) अदम्य एक ............... लड़का है।

(घ) आम बहुत ............... फल है।

**(iv)** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिएः (कोई चार) **4x0.5=2**

(क) शीश ............... (ग) तरू ............... (ड) पृथ्वी ............
(ख) पथ ............... (घ) हरना ...............

**(v)** दिए गए शब्दों के लिंग रूप बदलो **4x0.5=2**

(क) अध्यापक ............... (ग) मोर ...............
(ख) शेर ............... (घ) दादा...............

**(vi)** रिक्त स्थान में सही शब्द चुन कर भरिएः **4x0.5=2**

(सफलता, सरल, जवान, बाहर)

(क) मैं बूढ़ा हो गया हूँ। पहले तो मैं ............... था।

(ख) सिंह इस समय भी माँद के भीतर है या .............. चला गया।

(ग) लगातार परिश्रम करने से कठिन से कठिन काम भी ............... हो जाता है।

(घ) चंद्रयान–2 की असफलता पर वैज्ञनिक निराश थे, लेकिन चंद्रयान–3 की ............... पर सभी प्रसन्न हुए ।

**(vii)** निम्नलिखित वाक्यों के आगे (√)(×) का चिन्ह लगाइएः **4x0.5=2**

(क) सभी जीवों के केवल दो ही पैर होते हैं। ( )

(ख) दो पैरों वाले जीवों को द्विपाद कहते हैं। ( )

(ग) गाय, भैंस, बकरी आदि चतुष्पाद नहीं हैं। ( )

(घ) केंचुए अपने पेट के बल सरकते हैं। ( )

प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई पाँच) **5x1=5**

(क) आम खाकर सौरभ के मन में क्या विचार आया?

उत्तरः–

(ख) बीरबल किस लिए प्रसिद्ध थे?

उत्तरः–

Downloaded from www.cclchapter.com

(ग) पत्र के अनुसार रूपम और अभिषेक कौन–कौन से खेल खेलते हैं?

उत्तरः–

(घ) सिमरन मधुमक्खी क्यों बनना चाहती थी ?

उत्तरः–

(ङ) किसान ने भालू से बचने के लिए उससे क्या कहा ?

उत्तरः–

(च) भारत हमें क्यों प्यारा हैं।

उत्तरः–

(छ) दधिपुच्छ ने कैसे जाना कि माँद में खरनखर बैठा है ?

उत्तरः–

प्र06. कहानी को पूरा कीजिए :– **3x1=3**

उसने देखा कि मधुमक्खियाँ.....................................

........................................................................................ ।

मेरे शरीर का तो हर अंग दिन–रात ...................

.........................................................................................

.........................................................................................

..................................वो भी हम तुम्हें दे देते हैं।

उसने अपनी पुस्तकें .................................................

........................................................................................ ।

प्र07. अपने मुख्याध्यापक को समारोह/विवाह में जाने हेतु दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिएः 3

प्र08. निम्नलिखित विषय पर (कोई एक) अनुच्छेद लिखिए :– 3


मेरी पाठशाला

मेरा गाँव

मेरा प्रिय त्योहार

Downloaded from www.cclchapter.com

प्र09. चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए व चित्र में रंग भरोः 3




(क) चित्र की कौन–कौन सी वस्तुएँ आप रोज़ देखते है?

(ख) उगते हुए सूरज को देखकर आपको कैसा लगता हैं?

(ग) रंग बिरंगे फूलों को देखकर आपको कैसा लगता है?

प्र010. चित्रों में अपनी रूचि के अनुसार रंग भरिए। किसी एक खेल के बारे में अपने विचार लिखिए । 3




.......................................................................................................................................................


.......................................................................................................................................................

Downloaded from www.cclchapter.com


प्र011. किससे क्या सीखें, मिलान कीजिए व चित्र में रंग भरिए:– 4

1. 


शीश झुकाना

2. 

जगना और जगाना

3. 

हँसना?

4. 

अंधेरा

Downloaded from www.cclchapter.com

**Blue Print**
**3rd Class**

| Knowledge based 20% | | | Understanding based 30 % | | | Application/Skill 50% | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| VSA | SA | LA | VSA | SA | LA | VSA | SA | LA |
| 10(1) | - | - | 5(1) | 5(2) | | 5(1) | 5 (2,2,1)<br>5 (2.5,2.5) | 5(1)<br>5 |
| 10 Marks | - | - | 5 Marks | 10 Marks | | 5 Marks | 10 Marks | 10 Marks |
| 10 Marks | | | 15 Marks | | | 25 Marks | | |

## अंक विभाजन

| | | |
|---|---|---|
| प्र01. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुन कर दें। | **10x0.5=5** |
| प्र02. | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– | **5x1=5** |
| प्र03. | कविता की पंक्तियाँ पूरी करो । | **4 x 0.5 = 2** |
| प्र04. | **(i)** निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइएः | **4x0.5=2** |
| | **(ii)** दिए गए शब्दो को ''अनेक'' रूप में लिखो? | **4x0.5=2** |
| | **(iii)** निम्नलिखित वाक्यों में विशेषता बताने वाले शब्द लिखिए ? | **4x0.5=2** |
| | **(iv)** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिएः (कोई चार) | **4x0.5=2** |
| | **(v)** दिए गए शब्दों के लिंग रूप बदलो | **4x0.5=2** |
| | **(vi)** रिक्त स्थान में सही शब्द चुन कर भरिएः | **4x0.5=2** |
| | **(vii)** निम्नलिखित वाक्यों के आगे (√)(×) का चिन्ह लगाइएः | **4x0.5=2** |
| प्र05. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई पाँच) | **5x1=5** |
| प्र06. | कहानी को पूरा कीजिए :– | **3x1=3** |
| प्र07. | प्रार्थना पत्र | **3** |
| प्र08. | निम्नलिखित विषय पर कोई अनुछेद लिखे | 3 |
| प्र09. | चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए व चित्र में रंग भरोः | 3 |
| प्र010. | चित्रों में अपनी रूचि के अनुसार रंग भरिए। किसी एक खेल के बारे में विचार लिखिए | 3 |
| प्र011. | किससे क्या सीखें, मिलान कीजिए व चित्र में रंग भरिएः– | 4 |

Downloaded from www.cclchapter.com